दिन–रविवार दिनांक– 06 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– वंदे भारत, अमृत भारत के बाद देश की पहली बुलेट ट्रेन पर तेजी से काम चल रहा है।

02. भाजपा का छियालीसवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने कहा–उनकी पार्टी राष्ट्र प्रथम नीति के तहत देश को विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

03. रामनवमी का त्यौहार पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने कल किशनगंज, पूर्णियां, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल और अररिया में गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में सरकार ने देश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए समर्पित प्रयास किए हैं। श्री मोदी ने पिछले दस वर्षो में विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में सडक, हवाई अड्डे और बंदरगाह तथा बुनियादी क्षेत्र में छह गुना ज्यादा राशि आवंटन हुआ है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रेल सेवाएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि देश की पहली बुलेट ट्रेन पर तेजी से काम चल रहा है।

–––बाइट–––

---

भारतीय जनता पार्टी आज अपना छियालीस वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है।

———बाइट———

इधर, प्रदेश में भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर पटना स्थित प्रदेश मुख्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने पार्टी का झंडा फहराया। स्थापना दिवस समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता देश की संस्कृति, विचारधारा एवं विरासत के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत बनाने को लेकर पार्टी अपने पूर्वजों और वरिष्ठ नेताओं के बताए रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

———बाइट———

डॉ जायसवाल ने इसके बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रही है और जन आकांक्षाओं को पूरा कर रही है।

———बाइट———

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल बिहार आ रहे है। श्री गांधी बेगूसराय और पटना में कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे पार्टी नेता कन्हैया कुमार के यात्रा में बेगूसराय में शामिल होंगे। इधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने आज राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से पटना में मुलाकात की। इधर, भाजपा के वरिष्ठ

नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस नेता के बिहार यात्रा करने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

———बाइट———

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू  ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही अधिसूचना जारी होने के बाद यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में दो सो अट्ठासी और विपक्ष में दो सौ बत्तीस वोट पड़े थे। राज्यसभा में एक सौ अट्ठाईस सदस्यों ने इसके पक्ष में और पंचानवे ने विरोध में मतदान किया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, दो हजार पच्चीस को भी स्वीकृति दे दी है। वहीं, वक्फ कानून के कई प्रावधानों में संशोधन किये गये हैं। इसके तहत वक्फ बोर्ड अब किसी भी संपत्ति पर मनमाने तरीके से अपना दावा नहीं कर सकता है, जबकि विवाद की स्थिति में मामले को अदालत के सामने लाया जा सकता है। नये कानून के अनुसार अब पांच साल तक इस्लाम धर्म को मानने वाला व्यक्ति ही वक्फ को अपनी संपत्ति दान कर सकता है।

---

इधर, राजद और कांग्रेस के नेतृतव वाले महागठबंधन की घटक सीपीआई ने वक्फ कानून पर महागठबंधन की बैठक बुलाने की बात कही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने आरोप लगाया कि नया वक्फ कानून  धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर खतरा है इसलिए महागठबंधन को इसके विरोध को लेकर विचार करना चाहिए  ।

---

रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक———

यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रामनवमी को लेकर पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में लोग विशेष पूजा–अर्चना करने पहुंच रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में भी लोग भगवान श्री राम और भक्त राज हनुमान की पूजा कर रहे हैं । रामनवमी के अवसर पर आज जगह जगह भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है । पटना के डाक बंगला चौराहे पर आज रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया । समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। इस अवसर पर शहर के विभिन्न हिस्सों से रामनवमी जुलूस के अखाड़े और शोभा यात्राएं पहुंच रही हैं। राज्य के अन्य हिस्सों में भी भव्य शोभा यात्राएं निकाली जा रही है ।

–––म्यूजिक–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य राजनीतिज्ञों ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी है। राज्य

इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने महावीर मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने राज्यवासियों को रामनवमी की बधाई दी। राज्यपाल ने धर्म को परमार्थ के कार्य से जोड़ने के लिए और कल्याण के काम में योगदान के लिए महावीर मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख स्वर्गीय किशोर कुणाल की प्रशंसा की।

–––बाइट–––

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना हो रही है। मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुबह से लंबी–लंबी कतारें लगी हुई है।

---

नई दिल्ली में आयोजित स्टार्ट अप महाकुंभ में बिहार के तीन स्टार्ट अप को पुरस्कृत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई.वाई डेल्टा, लेडी फेयर और भोजपत्ता को सम्मान प्रदान किया गया है। भोजपत्ता कंपनी फसल अपशिष्ट से उपयोगी वस्तुएं बनाने में काम करता है। पुरस्कार स्वरूप भारत सरकार की ओर से तीनों कंपनियों को एक–एक लाख रुपये का नकद ईनाम दिया गया है।

---

खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने आज कहा कि राज्य में खिलाड़ियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और उन्हें हर संभव मदद दिया जा रहा है। श्री मेहता ने औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को नौकरी भी दी जा रही है और खेल–कूद का बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बन जाने से बिहार खेल के क्षेत्र में प्रतिष्ठित हुआ है।

---

बिहार में चार मई से पन्द्रह मई तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया यूथ गेम पाटलिपुत्र खेल परिसर में चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि एथलेटिक्स की अठारह स्पर्धाओं और सेपक टाकरा के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। महानिदेशक ने बताया कि सेपक टाकरा के लिए बीस बालक और बीस बालिका प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया है। ट्रायल में कुल दो सौ सत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिया।

---

राज्य में उत्तर–पश्चिमी हवाओं की गति कम होने के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। इधर,. बंगाल की खाड़ी में हवा का कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम में बदलाव होगा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल

से सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, वैशाली और समस्तीपुर में तेजी से बदलाव की संभावना जताई है। इससे बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

---बाइट---

---

मधुबनी जिला में सशस्त्र सीमा बल द्वारा विभिन्न स्थानों पर छपेमारी कर भारत–नेपाल सीमा से देसी शराब लगभग एक हजार चार सौ से अधिक बोतल और दो मोटरसाइकिल जब्त की।

---

पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व के जंगलों में भीषण आग लगने से करीब छह एकड़ जंगल जलकर राख हो गया है। आग बुझाने पहुंची वन कर्मियों की टीम ने कड़ी मशक्क़त क़र आग पर काबू पा लिया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– वंदे भारत, अमृत भारत के बाद देश की पहली बुलेट ट्रेन पर तेजी से काम चल रहा है।

02. भाजपा का छियालीसवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने कहा–उनकी पार्टी राष्ट्र प्रथम नीति के तहत देश को विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

03. रामनवमी का त्यौहार पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने कल किशनगंज, पूर्णियां, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल और अररिया में गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

---

समाप्त